davvOnline.com

इतिहास शिक्षण - 2012

नोट- किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिये। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

Answer any five questions. All questions carry equal marks.

1. "इतिहास जीवन के अनुभवों की खान है और आज का नवयुवक इतिहास का अध्ययन इसलिए करता है कि वह अपनी जाति के अनुभवों से लाभान्वित हो सके।" इस कथन के प्रकाश में विद्यालय के पाठ्यक्रम में इतिहास के महत्व की विवेचना कीजिए।
2. प्राथमिक, मिडिल एवं उच्चतर माध्यमिक स्तरों पर इतिहास-शिक्षण के क्या उद्देश्य होने चाहिए और क्यों?
3. हाईस्कूल कक्षाओं के इतिहास के प्रचलित पाठ्यक्रम का मूल्यांकन कीजिए और उसके सुधार के लिए सुझाव दीजिए।
4. आप उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं के इतिहास का पाठ्यक्रम बनाते समय किन सिद्धान्तों को ध्यान में रखेंगे?
5. इतिहास शिक्षण में स्रोत पद्धति क्या है? आप इतिहास के किसी पाठ को पढ़ाने में इसका किस प्रकार प्रयोग करेंगे? उदाहरण सहित समझाइये।
6. इतिहास शिक्षण में किन विशेष प्रविधियों का प्रयोग किया जाता है? स्पष्ट कीजिए।
7. इतिहास के सफल शिक्षण के लिए जिन उपकरणों को आवश्यक समझते हैं, उनकी कारणों सहित एक सूची तैयार कीजिए।
8. इतिहास की वर्तमान परीक्षा प्रणाली में क्या दोष हैं और उनको किस प्रकार दूर किया जा सकता है?
9. एक अच्छे वस्तुनिष्ठ परीक्षण की निर्माण प्रक्रिया का वर्णन कीजिए।

davvOnline.com

10. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर टिप्पणियाँ लिखिए :
    (अ) इतिहास कक्ष की योजना,
    (ब) राष्ट्रीय दृष्टिकोण से इतिहास का महत्व,
    (स) इतिहास की पुस्तकों के सुधार के लिए सुझाव,
    (द) इतिहास शिक्षण में समय ज्ञान का महत्व।

davvOnline.com